# 4100 इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को आज सीएम देंगे सब्सिडी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अपने आवास पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदेशभर के करीब 4100 इलेक्ट्रिक व्हीकल मालिकों को सब्सिडी देंगे। इसमें लखनऊ के 600 ईवी मालिक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सीएम 50 रोडवेज बसों, 38 इंटरसेप्टर और 12 पब्लिसिटी वैन को भी हरी झंडी दिखाएंगे। दरअसल, प्रदेश में 14 अक्टूबर, 2022 के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सब्सिडी मिलनी है। कार खरीदने वालों को एक लाख रुपये तक की सब्सिडी, दो पहिया वाहन मालिकों को पांच हजार की सब्सिडी दी जाएगी।

यह लाभ पहले दो लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों, 25 हजार इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों, 400 ई-बसों, 1000 व्यावसायिक वाहनों को मिलनी है। जिन लोगों ने 14 अक्टूबर 2022 से अब तक ईवी खरीदे हैं और टैक्स व पंजीकरण फीस भर दी है, आवेदन के बाद उनका पैसा खुद उनके अकाउंट में वापस आ जाएगा। कार्यक्रम में मारुति सुजुकी के साथ पांच ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट्स के ऑटोमेशन व महिला चालकों के प्रशिक्षण के लिए कौशल विकास मिशन व आजिविका मिशन के साथ एमओयू भी साइन होगा। ब्यूरो